राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–160/2023

आगे बढ़ने के लिए समाज को शिक्षित होना जरूरी –राज्यपाल

पटना, 07 मई, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने अभिलेख भवन, पटना में अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय महासंघ द्वारा आयोजित भारतरत्न डॉ० बी०आर० अम्बेडकर की 132वीं जयंती समारोह एवं बिहार प्रदेश इकाई के प्रान्तीय महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा हमारा प्राण है और आगे बढ़ने के लिए समाज को शिक्षित होना अत्यन्त आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि डॉ० अम्बेडकर एक दूर दृष्टि सम्पन्न महापुरूष थे। उन्होंने हमें शिक्षित बनने और संगठित होकर संघर्ष करने का संदेश दिया। वह स्वयं उच्च शिक्षा प्राप्त बैरिस्टर थे और आजीवन संघर्षरत रहे। उन्होंने स्त्री शिक्षा पर विशेष बल दिया। बाबासाहेब के कारण ही भारत में महिलाओं को मताधिकार के लिए आन्दोलन करने की आवश्यकता नहीं पड़ी।

राज्यपाल ने कहा कि बाबासाहेब के विचार पूरे देश की संपत्ति हैं। वह किसी विशिष्ट समुदाय के नहीं बल्कि पूरे देश के नेता थे। ऐसे महापुरूषों को किसी विशेष समुदाय के बंधन में रखकर नहीं देखना चाहिए। उनके विचार सर्वजन हितकारी होते हैं।

राज्यपाल ने डॉ० अम्बेडकर की जीवनी और उनकी पुस्तकों का अध्ययन करने की सलाह देते हुए कहा कि आर्थिक नीति, विदेश नीति आदि पर उनके विचार अत्यन्त बहुमूल्य हैं और हमारे लिए मार्गदर्शक रहे हैं। उनका जीवन मानव कल्याण के लिए था तथा उनके विचारों में आज के सभी प्रश्नों के उत्तर हमें मिल सकते हैं।

राज्यपाल ने बाबासाहेब अम्बेडकर के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेकर उनके पद्चिन्हों पर चलने की जरूरत बताई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, नई दिल्ली की माननीय सदस्य डॉ० अंजुबाला, महासंघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव श्री के०पी० चौधरी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....